## प्रादेशिक समाचार

### दिनांक– 28.12.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. आकाशवाणी से मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष की उपलब्धियां गिनाईं, कहा– ऑपरेशन सिंदूर देश का गर्व बना, अब देश नई उम्मीदों के साथ आगे बढ़ने को तैयार।
2. श्री मोदी ने कहा – बड़ी आशा के साथ आज भारत की ओर देख रही है दुनिया, और इसका कारण है युवा शक्ति।
3. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची में राष्ट्रीय कैडेट कोर के वीर बिरसा मुंडा साइक्लाथोन का किया उद्घाटन, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी रहे मौजूद।
4. स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफ़ान अंसारी की घोषणा– अगले तीन वर्षों के भीतर राज्य में बनकर तैयार हो जाएंगे चार नए मेडिकल कॉलेज, बड़े पैमाने पर होगी नए डॉक्टरों की बहाली
5. पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बोकारो में किया महिला राष्ट्रीय ताइक्वांडो चौंपियनशिप का उद्घाटन, कहा– बेटियों ने हर क्षेत्र में मनवाया है अपना लोहा

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज शाम लगभग 6 बजे झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर रांची आयेंगी। वे रांची स्थित लोकभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। इस दौरान आज रांची एयरपोर्ट से लोकभवन तक शाम चार बजे से ऑटो और ई–रिक्शा नहीं चलेंगे। शाम पांच से रात साढ़े आठ बजे तक इस रास्ते में पड़ने वाले 75 बाइलेन को भी बंद रखा जाएगा। अपने दौरे के क्रम में राष्ट्रपति पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां और गुमला जिले का दौरा करेंगी।

राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सरायकेला–खरसावां जिले में चल रही तैयारियों के बारे में जानते हैं अपने संवाददाता से–

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, खेल और विज्ञान से लेकर विश्व के सबसे बड़े मंचों तक– हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 ने हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाले कई क्षण दिए।

प्रधानमंत्री ने स्वदेशी के लिए लोगों के उत्साह पर संतोष व्यक्त किया।

श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि वर्ष 2026 विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया बड़ी आशा के साथ भारत की ओर देख रही है और इसका सबसे बड़ा कारण युवा शक्ति है।

प्रधानमंत्री ने जानकारी दी कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से सरकार प्रत्येक लाभार्थी परिवार को सौर पैनल लगाने के लिए लगभग 75 हजार से 80 हजार रुपये की राशि प्रदान कर रही है।

********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज रांची में राष्ट्रीय कैडेट कोर, एनसीसी के एक कार्यक्रम के तहत झंडी दिखाकर वीर बिरसा मुंडा साइक्लाथोन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की गई। इस दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी मौजूद थे। उद्घाटन से पहले

आदिवासी फोक डांस और रामगढ़ स्थित सिख रेजिमेंटल सेंटर के पाइप बैंड की ओर से बैंड डिस्प्ले का भी आयोजन किया गया।

*******************

बीती रात हावड़ा–नई दिल्ली मेन लाइन पर जसीडीह–झाझा स्टेशन के बीच टेलवा हाल्ट के पास सीमेंट लदी मालगाड़ी के आधा दर्जन डब्बे बेपटरी हो गए। इसमें से मालगाड़ी के दो डब्बे रेलवे पुल के नीचे नदी में जा गिरे। इस हादसे के कारण इस रेल मार्ग पर अप और डाउन रेल लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही पिछले कई घंटों से पूरी तरह से ठप है। विभिन्न ट्रेनें अलग–अलग स्टेशनों पर खड़ी है। वहीं, कुछ गाड़ियों को जसीडीह से सुल्तानगंज होते हुए क्यूल की ओर मोड़ दिया गया है। इस कारण रेल यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

*******************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफ़ान अंसारी ने कहा है कि अगले तीन वर्षों के भीतर राज्य में चार नए मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हो जाएंगे। इसके अलावा राज्य में बड़े पैमाने पर नए डॉक्टरों की बहाली की जाएगी। मंत्री देवघर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कैब कंपनी उबेर और ओला की तर्ज पर राज्य में एम्बुलेंस का भी सञ्चालन किया जायेगा। इसके लिए 209 नए एम्बुलेंस ख़रीदे जा रहे हैं।

*******************

गुमला जिले में आयुष्मान कार्ड निर्माण का तीसरा चरण सफलता पूर्वक संपन्न करवा लिया गया है।

*******************

बोकारो में तीन दिवसीय प्रथम दिशोम गुरु शिबू सोरेन मेमोरियल महिला राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप का उद्घाटन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया। इस चैंपियनशिप में 17 राज्यों से लगभग पांच सौ महिला खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन के बाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि बेटियों ने हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया है और अब  बेटियों के प्रति समाज का नजरिया तेजी से बदल रहा है।

इस अवसर पर टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो, चंदनकियारी के विधायक उमाकांत रजक और जिले के उपायुक्त अजय नाथ झा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

*******************